हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 3 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 20 .0 डिग्री
न्यूनतम 09 .0 डिग्री

12 पटवारियों ने मांगों को लेकर पटवार भवन में दिया धरना



12 फार्मर आईडी नहीं बनवाई तो रुक सकती है किसान सम्मान निधि



### नगर में आज

- सुबह पांच बजे गुरूद्वारा तेग बहादुर साहिब में शब्द कीर्तन।
- सुबह पांच बजे अग्रवाल धर्मशाला में प्रभात फेरी।

## न्यूनतम तापमान सात डिग्री व अधिकतम 17 डिग्री पहुंचा

# सुबह छाया घना कोहरा, तेज हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, धूप ने पहुंचाई राहत

**10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा**

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

ठंड ने सोमवार को लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। शाम को ही घना कोहरा छा गया था। सुबह 11 बजे तक कोहरा छाया रहा और 12 बजे धूप निकलने के बाद ही लोगों को ठंड से राहत मिली। सोमवार को न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया। हवा की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली।

इस समय मौसम फसलों के अनुकूल बना हुआ है। रविवार को हुई बूंदाबांदी के बाद एक बार फिर मौसम ठंडा हो गया है। पिछले सप्ताह बारिश के बाद मौसम में गर्मी बढ़ गई थी। प्रदेश के कई जिलों में ओले गिरने से ठंड बढ़ गई थी लेकिन जींद में इक्का.दुक्का जगह ही हल्की ओलावृष्टि हुई थी। मौसम साफ होने से एक बार तो लगा था कि आप तापमान बढने लग जाएगा लेकिन रविवार रात को ही घना कोहरा छा गया और हवाएं तेज चलने लगी।

सोमवार सुबह तक तेज ठंडी हवाओं के कारण ठंड बढ़ी रही। इसके अलावा घना कोहरा भी छाया रहा। इस दौरान दृश्यता 10 मीटर के आसपास रही। दोपहर 12 बजे धूप निकली और इसके बाद कोहरा छंट गया। मौसम में अभी ठंड का फसलों को फायदा मिल रहा है। किसानों को उम्मीद है कि 15 फरवरी तक इसी तरह मौसम रहा तो गेहूं व सरसों की फसल को अच्छा लाभ होगा। पहले गर्म और अब एक बार फिर ठंड का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सोमवार को नागरिक अस्पताल में 1637 मरीजों की ओपीडी हुई। इनमें से 300 के आसपास मरीज जरनल मेडिसन के मरीज थे। इन मरीजों को खांसी, जुखाम, बुखार व गले में खराश की दिक्कत सामने आई है। फिजिशयन डा. विनिता ने कहा कि कभी गर्म तो कभी ठंड होने का असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। गर्म दिन होते ही लोग लापरवाही बरतने लगते हैं लेकिन ठंडी हवाएं चलने के कारण उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। अभी लोगों को गर्म कपड़े पहनने नहीं छोडऩे चाहिएं। अभी ठंड बाकी है। बेशक दिन गर्म होंए लेकिन लोगों को गर्म कपड़े जरूर पहनने चाहिएं।



जींद। सुबह के समय छाया कोहरा। फोटो : हरिभूमि

### ठंड का असर फसलों पर पड़ रहा

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि शुक्रवार के बाद फिर से ठंड जारी रहेगी। अभी दो दिन तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम में अभी भी ठंड का असर फसलों पर पड़ रहा है। ऐसा ही मौसम यदि 15 फरवरी तक रहता है तो यह फसलों के लिए लाभकारी होगा। अभी मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। ठंडी हवाएं लगातार मौसम में ठंड रखेंगी।



कैथल। सोमवार को प्रात: कैथल के आसमान में छाई धुंध। फोटो : हरिभूमि

## मौसम ने फिर से ली करवट

- सड़कों पर छाया धुंध व कोहरा
- बढ़ा बीमारियों का अंदेशा

**कैथल।** जिले में एक बार फिर से मौसम ने करवट ली है। तीन दिन तापमान बढ़ने के बाद सोमवार को फिर से सुबह की शुरुआत धुधं व कोहरे के साथ हुई। इस कारण तापमान फिर से नीचे लुढकता नजर आ रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के तहत अब अगले 4 दिन तक मौसम साफ रहेगा। इस दौरान तापमान दिन के समय सामान्य रहेगा और धूप के साथ मौसम सुहाना रहने का अनुमान है। हालांकि सुबह और रात के समय घना कोहरा छाने से ठंड बढ़ने की संभावना रहेगी। सोमवार को भी मौसम बदलने के बाद सुबह के समय घना कोहरा छाया। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार कम हुई। मौसम विशेषज्ञों अनुसार सुबह-सुबह और देर रात कोहरे के कारण दृश्यता कम होने के साथ सड़क हादसों का जोखिम बढ़ेगा। वहीं, पुलिस प्रशासन ने भी वाहन चालकों को धीमी गति से चलने और हेलमेट या सीट बेल्ट का पालन करने की सलाह दी गई है। मौसम में बदलाव होने के बाद अधिकतम व न्यूनतम तापमान में भी कमी दर्ज की गई।

### बारिश की संभावना

कृषि विज्ञान केंद्र कैथल के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोप के सक्रिय होने के कारण 8-9 फरवरी को जिले में तेज बारिश होने की संभावना है। बारिश के दौरान हवा तेज चल सकती है और कुछ इलाकों में ओले भी गिर सकते हैं। किसानों को हिदायत दी जाती है कि वे अपने फसलों सुरक्षा के लिए अलर्ट रहें। इस समय जिले में न्यूनतम तापमान लगभग 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है। जबकि दिन का तापमान 20 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

## जींद-सोनीपत रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन को चलाने में रेलवे की टीमें कर रही काम

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

**ट्रैक पर झाड़ियों की सफाई करवा रहे**

जींद-सोनीपत रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन को चलाने में रेलवे विभाग की टीमें लगातार काम कर रही हैं। इसके लिए ट्रैक पर झाड़ियों की सफाई की जा रही है। इस समय जींद-सोनीपत रूट पर तीन ट्रेन चल रही हैं। हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रैक पर उतरने पर यात्रियों को फायदा होगा। एक घंटा में लोग सोनीपत पहुंच सकेंगे। वहीं दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव ने पत्रकार वार्ता में भी हाइड्रोजन ट्रेन को जल्द ट्रैक पर लाने की बात कही है।

वहीं भंभेवा में हाइड्रोजन ट्रेन के इंजन की ट्रायल पिछले पांच दिन से जारी है। टेस्टिंग में इंजन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम, तकनीकी क्षमता और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की जा रही है। गौरतलब है कि हाइड्रोजन ट्रेन 360 किलोग्राम हाइड्रोजन में 180 किमी का सफर तय करेगी। ट्रेन में आवाज काफी कम होगी। इसलिए इनमें यात्री आरामदायक सफर कर सकेंगे। जींद से सोनीपत की दूरी लगभग 90 किलोमीटर है। यह ट्रेन 110 से 140 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी।



जींद। हाइड्रोजन ट्रेन का इंजन।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

**गांव गौसाईखेड़ा के निकट बीती देर रात हुआ हादसा**

गांव गोसाई खेड़ा के निकट बीती रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार व्यक्ति को रौंद डाला। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नई काठ मंडी निवासी मनोज (38) खराद का कार्य करता था। गत दिवस वह कार्यवश जुलाना गया हुआ था। देर रात को जब वह बाइक से घर लौट रहा था तो किसी अज्ञात वाहन ने उसके बाइक को टक्कर मार दी और रौंदता हुआ निकल गया। जिसमें मनोज की मौके पर मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान उसकी जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर संभव हो पाई। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। परिजनों ने बताया कि मनोज खराद का कार्य करता था। काम के सिलसिले में वह जुलाना गया था। रात को वापस के दौरान हादस हो गया। जिसमें मनोज की मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के भाई विनोद की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना के जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने बुढाबाबा बस्ती में कहासुनी के चलते मारपीट करने के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुढाबाबा बस्ती निवासी विरेंद्र ने गत दस जनवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि कि उसकी बस्ती के ही प्रदीप से कहासुनी हो गई। जिस पर प्रदीप व उसके परिजनों ने उस पर हमला कर दिया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव डोहानाखेड़ा से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव डोहानाखेड़ा निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 31 जनवरी को उसकी बहन घर से गायब हो गई।

### चोरों ने खेत से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** कैथल के गांव बालू से चोर खेतों में बने कमरे से समर्सिबल मोटर, गैस सिलेंडर व अन्य सामान चुरा कर ले गए। गांव बालू के कुलदीप सिंह ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 जनवरी की रात को चोर उसके व उसके खेतों में बने कमरे के आसपास बने कमरों का दरवाजा तोड़ते हुए इनवर्टर, बैटरी, टुल्लू पंप, गैस सिलेंडर व अन्य सामान चुरा कर ले गए।

### मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात चुराए

**कैथल।** कैथल की नई बैंक कॉलोनी से कर एक मकान का ताला तोड़कर उसमें रखे लाखों रुपए के जेवरात चुरा कर ले गए। इस बंद में न्यू बैंक कॉलोनी कैथल के रामकुमार ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 जनवरी की रात को चोर उसके भाई राजकुमार के न्यू बैंक कॉलोनी के गली नंबर 4 में बने दुकान का ताला तोड़ते हुए अंदर घुसे तथा वहां पर अलमारी में रखे सोने में चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर जत्था शुरू

**जींद।** आगामी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर जुलाना के पौली गांव से पैदल जत्था सीटू जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र के नेतृत्व में शुरू किया गया। जो किलाजफरगढ़, हथवाला और बुढ़ा खेड़ा में पहुंचा और इन गांवों में जनसभाएं की। इन जनसभाओं में निर्माण मजदूरोंए मनरेगा मजदूरों, आशा वर्करों, मिड डे मील वर्करों, किसानों आदि ने भाग लिया।

## पेयजल किल्लत को लेकर संतोखमाजरा के ग्रामीणों ने अधिकारियों को कोसा

- लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे
- कई बार करवा चुके अधिकारियों को अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

गांव संतोख माजरा में सोमवार को पानी की समस्या को लेकर लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग को जमकर कोसा, पिछले चार माह से पानी की सप्लाई करने वाला बोर ही खराब पड़ा है। इससे ग्रामीण पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं। इस बारे ग्रामीण सुरेश पंच, जरनैल, मिट्ठू, राकेश, सुनील, अमन, कमल, प्रदीप, भगवान दास, विनोद, गंजू, काका, रोमी ने बताया कि उनके गांव में पिछले 4 माह से बोर खराब पड़ा है, जिससे उन्हें पानी नहीं मिल रहा। पानी की एक-एक बूंद के लिए वह तरस रहे हैं। संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवा चुके हैं। उसके बावजूद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा गांव में पानी का कोई भी साधन उपलब्ध नहीं है। जिससे सभी लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्दी ही समस्या का समाधान संबंधित विभाग द्वारा नहीं किया गया तो वह राजौंद पूंडरी मार्ग को जाम करने के लिए विवश होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।



राजौंद। पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते हुए गांव संतोख माजरा के ग्रामीण।

### झगड़े में दंपत्ति घायल सात लोगों पर केस दर्ज

- झगड़े में दूसरे पक्ष के एक बुजुर्ग की हो चुकी है मौत

**जींद।** गांव हथो में रंजिशन हमला कर दंपत्ति को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हथो निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कैथल डिपो में परिचालक है। गत 31 जनवरी शाम को वह डयूटी कर बाइक से घर लौट रहा था। भल्लेराम के मकान के सामने जाने पर उसके परिवार की महिला गाली गलौज करने लगी। जिसका उसने विरोध किया। शोर सुन कर उसकी पत्नी डिंपल भी आ गई। उसी दौरान भल्लेराम परिवार के लोग तेज हथियार लेकर आ गए और हमला कर दिया। जिसमें दोनों को काफी चोटें आई। परिवार के अन्य सदस्यों के पहुंचने पर आरोपित धमकी देते हुए फरार हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने कुलदीप की शिकायत पर महाबीर, साहिल, सागर, सुमन, प्रिया, अनिता, भरपाई के खिलाफ तेजधार हमला करने का मामला दर्ज।

## निजी और परिवहन समिति बस संचालक कर रहे छात्रों से दुर्व्यवहार

- इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट ने वीसी को सौंपा ज्ञापन, समस्या दूर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) के छात्र संगठन इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट ने निजी और सोसायटी बसों में छात्रों के बस पास मान्य न होने को लेकर वीसी प्रो. रामपाल सैनी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के संस्थापक अमित आदिवाल के नेतृत्व में छात्रों ने कुलपति के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि वे प्रदेश में छात्रों को परिवहन के दौरान आ रही इस बड़ी बाधा को दूर करने के लिए तुरंत कड़े निर्देश जारी करें। संस्थापक अमित आदिवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय में दूर दराज के क्षेत्रों से आने वाले हजारों छात्रों को निजी बसों के परिचालकों की मनमानी का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा सरकार के स्पष्ट आदेश हैं कि सरकारी बस पास सभी मान्यता प्राप्त निजी और सोसाइटी बसों में मान्य होंगे लेकिन धरातल पर नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बस परिचालक न केवल पास लेने से मना करते हैं बल्कि हक मांगने पर छात्रों के साथ अभद्र भाषा और दुर्व्यवहार भी करते हैं, जो बेहद निंदनीय है।



जींद। वीसी को ज्ञापन सौंपते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मौजूद सह सचिव राहुल चौहान, मुकुल टंडन, अहसास बरसोला, गौरव मुवाल, आकाशदीप, दीपांशु पातलान, आयुष सैनी, अजय, मंजीत, आर्यन और पीयूष सहित संगठन के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर छात्र हितों की रक्षा का संकल्प दोहराया।

## गांव पाई में संदिग्ध कार से 3.96 ग्राम चिट्टा बरामद, आरोपी मौके से फरार

- कार सवार दो युवक पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

क्यूआरटी टीम व थाना पूंडरी पुलिस द्वारा गश्त व अपराध रोकथाम के दौरान गांव पाई क्षेत्र में एक संदिग्ध कार से नशीला पदार्थ चिट्टा बरामद किया गया है, हालांकि आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थाना पुंडरी के एसआई पवन अपनी टीम के साथ गांव जटेडी के पास राजौंद–पुंडरी मार्ग पर गश्त पर मौजूद थे।

इसी दौरान उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि क्यूआरटी इंचार्ज एएसआई दया सिंह अपनी टीम के साथ गांव पाई में अपराध रोकथाम के लिए मौजूद हैं। सूचना के अनुसार राजौंद की तरफ से आ रही एक संदिग्ध सफेद रंग की सैंट्रो कार ने क्यूआरटी की गाड़ी को देखकर तेज रफ्तार से गांव पाई की तंग गलियों में घुसकर गाड़ी छोड़ दी और उसमें सवार दो युवक फरार हो गए।

सूचना मिलते ही एसआई पवन अपनी टीम के साथ गांव पाई पहुंचे। मौके पर क्यूआरटी टीम ने बताया कि कार से दो व्यक्ति उतरकर भाग गए हैं। इसके बाद पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से गांव की गलियों में करीब डेढ़ से दो घंटे तक सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ सके। इसके पश्चात गांव के मौजिज व्यक्तियों की मौजूदगी में संदिग्ध कार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से एक सफेद पॉलीथिन मिली, जिसमें 5 पारदर्शी पन्नियों में सफेद रंग का नशीला पदार्थ पाया गया।

### 3.96 ग्राम चिट्टा बरामद

इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन करने पर नशीले पदार्थ चिट्टा का कुल वजन 3.96 ग्राम निकला। कार की पिछली सीट की जेब से आधार कार्ड, एटीएम/शॉपिंग कार्ड, एक मोबाइल फोन, वाहन से संबंधित दस्तावेज व कुछ नकदी भी बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उक्त वाहन गांव पाई निवासी निशांत का था और घटना के समय निशांत व संदीप कार में सवार थे, जो गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। थाना पूंडरी में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया तथा फरार संदिग्ध आरोपियों के घरों पर रेड की गई, लेकिन वे वहां भी नहीं मिले।

**विकास** पुरानी बिल्डिंग के प्रथम तल पर मौजूद लैब के बाहर लगे छप्पर को उतरवाया

# नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के पीछे की तरफ रेनोवेशन कार्य शुरू

*14.91 करोड़ की लागत से करवाया जा रहा पुरानी बिल्डिंग का जीर्णोद्धार*

- छप्पर हटाए जाने से खुले में बैठे मरीज, किया जांच रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में रेनोवेशन (जीर्णोद्धार) का कार्य कछुआ चाल से चल रहा है। 14.91 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे इस प्रोजेक्ट में अब पुरानी बिल्डिंग के पीछे की तरफ से काम की शुरूआत की गई है। बिल्डिंग के सामने शीट लगा दी गई है, जो रात के समय किसी फाइव स्टार होटल का लुक देती हैं। हालांकि बिल्डिंग के पीछे की तरफ हालात ज्यादा खराब है। इसलिए यहां शीट नही लगाई जाएंगी। यहां व्हाइटवॉश के साथ-साथ पैच वर्क किया जाएगा। कार्य के लिए सोमवार को पुरानी बिल्डिंग में मौजूद लैबोरेटरी के बाहर लगा छप्पर (शेड) हटा दिया गया है। इस छप्पर को उतरवाने के बाद लैब के बाहर मरीजों को अब खुले आसमान के नीचे बैठना पड़ रहा है। जांच रिपोर्ट का इंतजार करते हुए मरीज और उनके तीमारदार ठंडी हवा में बैठे। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के भीतर व बाहर के जीर्णोद्धार के कार्य के बाद अब पीछे की तरफ से काम शुरू किया जाएगा। बिल्डिंग के पीछे की तरफ दीवार का बुरा हाल है। इसी दीवार के सहारे शेड लगाया गया है। जिसके नीचे बैठ कर लोग अपनी जांच रिपोर्ट का इंतजार करते हैं। निर्माण कार्य के दौरान कोई हादसा न हो, इसके लिए इस शेड को हटवा दिया गया है और कुर्सियों को नई बिल्डिंग के सामने लगा दिया गया है। यहां पैच वर्क के साथ-साथ व्हाटवॉश किया जाएगा।



जींद। नागरिक अस्पताल के पीछे की तरफ हटाया गया शेड। फोटो : हरिभूमि

### जल्द पूरा होगा कार्य

नागरिक अस्पताल के कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि बिल्डिंग के पीछे की तरफ से कार्य की शुरूआत होने जा रही है। कार्य में तेजी लाने के लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार से बातचीत की है। उम्मीद है कि जल्द यह कार्य पूरा होगा।

### तीन माह से चल रहा कार्य

नागरिक अस्पताल में 14.91 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार हो रहा है। इसका उद्देश्य50 साल पुरानी जर्जर बिल्डिंग को आधुनिक रूप देना है। जिसमें सभी वार्डों में आधुनिक सुविधाएं, पैच वर्क, इंटीरियर और एक्सटीरियर सुधार शामिल है। काम इतना धीमे चल रहा है कि तीन माह होने को हैं।

## खबर संक्षेप



### प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**नरवाना।** उपमंडल रोजगार कार्यालय द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन लघु सचिवालय स्थित रोजगार कार्यालय के परिसर में किया गया। जिसमें 23 प्रार्थियों ने भाग लिया जिसमें शीश सिक्योरिटी कंपनी सरहिंद पटियाला से भर्ती अधिकारी संतोष सिंह ने प्रार्थियों के मौके पर ही सिक्योरिटी गार्ड के पद हेतु साक्षात्कार लिए और 9 प्रार्थियों को शॉर्टलिस्ट करके आगामी कार्यवाही के लिए चयन किया।

### जीवन का आधार हैं पौधे: हरमन

**जींद।** ग्राम पंचायत खरक गादिया में पौधरोपण किया गया। सरपंच प्रतिनिधि हरमन ने बताया कि गांव के चारों तरफ पौधारोपण करके गांव को हरा भरा किया जाएगा। इससे गांव की सुंदरता और विकास की गति तेज होगी। पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार होते हैं। हमें पौधारोपण जरूर से जरूर करना चाहिए। आने वाले समय में यही पेड़ पौधे गांव के लिए शुद्ध हवा और शुद्ध वातावरण देने का कार्य करेंगे। इस मौके पर अनिता जामनी, सुनील, मनीष, जोगिंदर सहित अन्य युवा साथी मौजूद रहे।

### जींद की रग्बी टीम का चयन पांच को बीबीपुर में

**जींद।** जींद जिले की रग्बी टीम का चयन पांच फरवरी को बीबीपुर में होगा। जिला जींद रग्बी के कोषाध्यक्ष सुशील ढांडा ने बताया कि सीनियर महिला और पुरुष की जींद की टीम का चयन बीबीपुर गांव में होगा। जिला रग्बी संघ के प्रधान सुरेश अहलावत, सचिव मुनीत बेरवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सात फरवरी को कैथल में आयोजित होगी। जिसके लिए जींद की सीनियर महिला और पुरुष की टीम का चयन बीबीपुर गांव में पांच फरवरी को होगा।

### रामनिवास को दिया वर्ष 2026 का पहला सैन रत्न अवार्ड

**जींद।** राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने कहा कि समाजसेवी स्वर्गीय रामनिवास बाजवान एक सच्चे अर्थों में गृहस्थ संत थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन में समाज की सेवाए एकता और विकास के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य किया। वे न केवल समाज के मार्गदर्शक थे बल्कि अपने सरल स्वभाव और सेवा भावना से सभी के दिलों में विशेष स्थान रखते थे।

### सीआरएसयू की टीम मौलाना के लिए रवाना

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम युवा एवं संस्कृत निदेशालय हरियाणा के निर्देशन में आयोजित अंतर.विश्वविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु मौलाना यूनिवर्सिटी अंबाला के लिए रवाना हो गई है। इस सांस्कृतिक दल में विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी विभिन्न विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने सांस्कृतिक टीम के सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आवेदन 16 तक

**जींद।** सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान एसएमएएम (स्मैम) स्कीम के तहत 40 से 50 प्रतिशत अनुदान राशि के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों के लिए 25 तरह के कृषि यंत्र की मशीन अनुदान पर दिए जा रहे हैं। कृषि यंत्र लेने के इच्छुक किसान कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की वेबसाइट डब्लयू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट एग्री हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर 16 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि लक्ष्य से ज्यादा आवेदन होने पर लाभार्थी का चयन जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा।

## जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सोसायटी की समीक्षा बैठक संपन्न

# जच्चा-बच्चा मृत्यु दर में कमी के लिए गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच सुदृढ़ की जाए

- जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



मीटिंग लेते हुए डीसी।

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सोसायटी की समीक्षा बैठक लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने की। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

डीसी ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाना तथा आम नागरिकों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नियमित जांच बढ़ा कर जच्चा-बच्चा मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच को प्राथमिकता दी जाए और इसकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर समय-समय पर निरीक्षण कर सेवाओं की समीक्षा की जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में प्रसव घर पर न हो। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं से नियमित संपर्क बनाए रखा जाए और उन्हें स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव के लिए प्रेरित किया जाए। प्रत्येक गर्भवती महिला का समय पर पंजीकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने आमजन से भी अपील की कि गर्भवती महिलाओं का प्रसव केवल चिकित्सकीय देखरेख में ही कराया जाएए जिससे मां और नवजात दोनों सुरक्षित रह सकें।

### एनीमिया से जच्चा मृत्यु रोकें

डीसी ने यह भी निर्देश दिए कि जिले में एनीमिया के कारण किसी भी जच्चा की मृत्यु नहीं होनी चाहिए। इसके लिए गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोलियों तथा संतुलित आहार के बारे में उचित जानकारी दी जाए। बैठक में डीसी ने जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों ;सीएचसीद्ध एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) का निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवनों की स्थिति का भी आकलन किया जाए और यदि कहीं कोई कमी पाई जाती है तो उसकी सूची तैयार कर समय रहते प्रशासन को अवगत करवाया जाए ताकि आवश्यक सुधार किए जा सकें। उन्होंने कहा कि कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहे बल्कि धरातल पर भी उसका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।

### एनएचएम के तहत वॉक-इन भर्ती

सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वॉक इन ड्राइव आयोजित की जा रही है। यह ड्राइव प्रत्येक सप्ताह वीरवार को तब तक आयोजित की जाएगी। जब तक सभी रिक्त पदों को भरा नहीं जाता। उन्होंने बताया कि वर्तमान में फिजिशियन के 2 पद, गायनोलॉजिस्ट के 12 पद, एनेस्थेटिस्ट के 10 पद, पीडियाट्रिशियन के 13 पद, कंसल्टेंट मेडिसिन का एक पद तथा इंटेंसिविस्ट का एक पद रिक्त है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी एनएचएम हरियाणा की वेबसाइट पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया, डा. रमेश पांचाल सहित स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## ओलंपियाड में मोतीलाल स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का परिचय दिया है। हाल ही में आयोजित लिटिल स्टार ओलंपियाड (सिल्वर जोन) में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

इस प्रतिष्ठित ओलंपियाड में विद्यालय के पचास से अधिक विद्यार्थियों ने हिंदी, अंग्रेजी, गणित और पर्यावरण अध्ययन विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने ज्ञान, कौशल और समझ का लोहा मनवाया। इसका संचालन समन्वयक पूजा पसरीजा के मार्गदर्शन एवं समन्वय में किया गया। इस ओलंपियाड की विशेषता यह रही कि इसमें नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के सभी विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। जिससे विद्यालय में प्रतिस्पर्धा और सीखने का सकारात्मक वातावरण बना। छोटे बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि विद्यालय में प्रारंभिक स्तर से ही विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। लिटिल स्टार ओलंपियाड एक राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच, रचनात्मकता और विषयगत समझ का विकास करना है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी भाग लेते हैं।

जिससे यह प्रतिस्पर्धा और भी चुनौतीपूर्ण बन जाती है। ऐसे प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल भाग लिया बल्कि अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय के छात्रों ने हिंदी विषय में भाषा की गहरी समझ, शब्दावली, व्याकरण और रचनात्मक लेखन में अपनी दक्षता सिद्ध की। अंग्रेजी विषय में उन्होंने उत्कृष्ट पढने, समझने और लेखन कौशल का परिचय दिया।

## सृष्टि फाउंडेशन का उद्देश्य कमजोर वर्गों तक सहायता पहुंचाना

# सृष्टि ने बाल कलाम आश्रम को जरूरत का राशन और 30 कंबल उपलब्ध करवाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। बाल कलाम आश्रम को राशन उपलब्ध करवाते हुए सृष्टि संस्था के पदाधिकारी।

शहर की सामाजिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन ने समाजसेवा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए रेडक्रॉस भवन के निकट स्थित बाल कलाम आश्रम को जरूरत का राशन व 30 कंबल उपलब्ध करवाए गए। कार्यक्रम का आयोजन सृष्टि संयोजक डा. विवेक सिंगला व प्रधान सुनील गोयल की अध्यक्षता में किया गया।

सृष्टि प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा लगातार समाजहित में कार्य किए जा रहे हैं। संस्था द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता के लिए विभिन्न समाजहित के कार्य किए जाते हैं। सृष्टि फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुंचाना और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। कार्यक्रम के दौरान आश्रम प्रबंधन ने संस्था के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की सहायता से जरूरतमंद बच्चों को बड़ी राहत मिलती है। सृष्टि संयोजक डा. विवेक सिंगला, सुनील गोयल ने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ रक्तदान शिविर, नेत्र जांच शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करती है। इसके अलावा दिल के रोगी बच्चों के उपचार को लेकर भी संस्था द्वारा काम किया जाता है।

## संत रविदास की शिक्षाएं आज भी समाज को सही मार्ग दिखा रही

**पूंडरी।** पूंडरी व आसपास के क्षेत्रों में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पूंडरी हल्का के दर्जनों गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा के वरिष्ठ नेता सतबीर भाणा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने गुरु रविदास जी के चरणों में शीश नवाया तथा भंडारे व प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए सतबीर भाणा ने कहा कि सदियों बाद ऐसी महान विभूतियां और दिव्य आत्माएं जन्म लेती हैं, जो संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर देती हैं। संत रविदास जी ने समाज को समानता, प्रेम, करुणा और भाईचारे का संदेश दिया।

## 120 शिविर लगा 3152 इकाई रक्त किया एकत्रित

# रेडक्रास सोसायटी ने रक्तदान के क्षेत्र में लगाई ऊंची छलांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। स्टाफ के साथ मौजूद स्टेट महासचिव डा. सुनील। फोटो : हरिभूमि

जींद में रेडक्रास सोसायटी लगातार समाजसेवा के क्षेत्र में काम कर रही है। रेडक्रास सोसायटी अब तक 120 शिविर लगाकर 3152 यूनिट रक्त एकत्रित कर चुकी है। सोमवार को भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा शाखा के स्टेट महासचिव डा. सुनील कुमार जींद में रेडक्रास सोसायटी के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान जिला सचिव रामजीलाल ने रेडक्रास की गतिविधियों को स्टेट महासचिव के सामने रखा।

जिला रेडक्रॉस सचिव रामजीलाल ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्राथमिक सहायता फिजियोथेरेपी की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। पिछले साल रेडक्रॉस द्वारा जिला में 120 रक्तदान शिविर आयोजन किए गए है। जिसमें जिसमें लगभग 3152 इकाइयां एकत्रित की गई एवं फिजियोथेरेपी सेंटर में लगभग 20-25 लाभार्थी प्रति माह फिजियोथेरेपी कराने हेतु रेडक्रॉस कार्यालय में आते है।

महासचिव डा. सुनील कुमार द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी कार्यालय का दौरा किया गया। इसमें महासचिव द्वारा रेडक्रॉस कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के साथ-साथ महासचिव ने रेडक्रॉस सोसायटी में चलाई जा रही गतिविधियों को भी चेक किया। रेडक्रास महासचिव द्वारा रेडक्रॉस भवन में करवाए जा रहे प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण में बच्चों को प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण बारे भी अवगत करवाया गया। बच्चों को नशे की लत कैसे लगती है और नशे से कैसे बचा जा सकता है।

## मेन बाजार में पुलिस ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

- सड़क पर खड़े वाहनों के काटे चालान



जुलाना के मेन बाजार में चालान काटते हुए पुलिस।

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के मेन बाजार में बढ़ते अतिक्रमण और यातायात अव्यवस्था को लेकर पुलिस ने सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर खड़े वाहनों के चालान काटे गए और दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि वे अपनी दुकानों के बाहर सामान न रखें। अभियान का नेतृत्व मंडी चौकी इंचार्ज अजय कुमार ने पुलिस टीम के साथ किया। अजय कुमार ने बताया कि मैन बाजार जुलाना का सबसे व्यस्त इलाका है। जहां रोजाना हजारों लोग खरीदारी के लिए आते हैं। दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे सामान रखने और ग्राहकों द्वारा सड़क पर वाहन खड़े करने से आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। इससे पैदल चलने वाले राहगीरोंए बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी निकलने में दिक्कत होती है।

## सीएम विंडो, सीपी ग्राम व समाधान प्रकोष्ठ में लंबित शिकायतों का निपटान करें अधिकारी

- डीसी ने समाधान शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद




जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सोमवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीसी ने नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याओं के समाधान को गंभीरता से लें। बिजली, पानी, सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिनका उद्देश्य आमजन की समस्याएं सुन कर उनका त्वरित समाधान करना है। ये शिविर नागरिकों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं। डीसी ने सीएम विंडोए सीपीग्राम और समाधान प्रकोष्ठ में लंबित सभी शिकायतों का शीघ्र निपटान करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। शिविर में गांव गांगोली निवासी सुभाष ने बिजली ट्यूबवेल कनेक्शन लगवाने की प्रार्थना की।

## ब्लाकों की सड़क बनाने को लेकर आजा होगा विरोध प्रदर्शन

- तारकोल या आरसीसी सड़क बनाने की मांग



राजौंद। लोगों से अपील करते हुए संघर्ष समिति के सदस्य।

**राजौंद।** राजौंद में मंगलवार को ब्लाकों की सड़क बनाने को लेकर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसे लेकर संघर्ष कमेटी सदस्यों द्वारा रविवार को भी महाराणा प्रताप चौक पर पेवर ब्लाक की सड़क निर्माण का विरोध-प्रदर्शन किया गया था। लोगों द्वारा विभाग से तारकोल या आर सी सी सड़क बनाने को लेकर मांग की गई थी। इसे लेकर संघर्ष कमेटी सदस्यों द्वारा सोमवार को नगरवासियों से अपील कर कहा गया कि मंगलवार को बड़े स्तर पर पेवर ब्लाक की सड़क निर्माण के विरोध में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होकर शहर की मुख्य सड़क के आर सी सी या तारकोल की सड़क बनाने में सहयोग करें। इसे लेकर मेन बाजार, मेन रोड व मुख्य मार्ग के सभी दुकानदारों से डोर टू डोर जाकर विरोध स्वरूप नगर की सभी दुकानें बंद रखने की अपील की गई। क्योंकि सड़क खराब होने से ग्राहकों को लगातार हो रही परेशानी से दुकानदार भी बहुत दुखी हो चुके हैं।

## भक्ति और संत समागम से होता है परमात्मा का वास : धर्मपाल नाभा



**नरवाना।** बाबा गैबी साहब में आज श्री भागवत कथा का भव्य शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच किया गया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। पूरा वातावरण हरिनाम संकीर्तन और भक्ति भाव से गुंजायमान रहा। कथा के दौरान कथावाचक धर्मपाल नाभा ने भक्ति की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि जहां भक्ति का वास होता है वहीं स्वयं परमात्मा निवास करते हैं और जहां संतों का संग होता है। वहां भगवान की विशेष कृपा स्वतः प्राप्त होती है। कथा में स्वामी तुलसीदास के प्रसिद्ध वचन संत समागम हरि कथा का भावपूर्ण उल्लेख किया गया। कथावाचक ने कहा कि संतों का संग और हरिकथा मनुष्य जीवन को पवित्र बनाकर उसे मोक्ष की ओर ले जाती है। भागवत को कलियुग में मानव कल्याण का श्रेष्ठ ग्रंथ बताते हुए धर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के महत्व पर प्रकाश डाला गया। यह पावन कथा महंत अजयगिरी महाराज के सानिध्य में प्रारंभ की गई। उनके आशीर्वचनों से आयोजन को विशेष आध्यात्मिक गरिमा प्राप्त हुई।

## सेशन जज ने एडीआर सेंटर से मोबाइल प्रचार वैन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

# मोबाइल प्रचार वैन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना: पूनम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद




जींद। हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए सैशन जज पूनम सुनेजा।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष पूनम सुनेजा ने सोमवार को एडीआर सेंटर से विधिक जागरूकता हेतु मोबाइल प्रचार वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मोबाइल प्रचार वैन का उद्देश्य जिले के ग्रामीण व जरूरतमंद नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों तथा निशुल्क विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक करना है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा ने बताया कि यह मोबाइल प्रचार वैन जींद जिले के अधिकांश विशेषकर दूर दराज के गांवों को कवर करेगी। वैन के माध्यम से आमजन को निशुल्क विधिक सहायता योजनाओं, लोक अदालत, मध्यस्थता, महिला एवं बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, नालसा व हालसा की विभिन्न योजनाओं सहित अन्य कानूनी सेवाओं की जानकारी दी जाएगी।

### डीएलएसए योजनाओं का गांव-गांव प्रचार

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि डीएलएसए की सभी योजनाएं आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचे, इसके लिए मोबाइल प्रचार वैन के साथ पैनल अधिवक्ताओं की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है। जिन गांवों में वैन पहुंचेगी। वहीं पैनल अधिवक्ताओं द्वारा ग्रामीणों को हालसा एवं नालसा की योजनाओं, राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100, डीएलएसए की कार्यप्रणाली तथा उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आगामी 14 मार्च को न्यायिक परिसर जींद, उपमंडल नरवाना एवं सफीदों में इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, दुर्घटना दावे, आपसी विवाद सहित अन्य मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जाता है। इस संबंध में भी मोबाइल प्रचार वैन के माध्यम से गांवों में कैंप लगा कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग 12 से 13 हजार मामलों का आपसी समझौते से निपटारा किया गया। जिससे आमजन के समय और धन की बचत हुई तथा समाज में आपसी सौहार्द का सकारात्मक संदेश गया।

## खबर संक्षेप

### डीसी ने किया दुमाड़ा में किया लाइब्रेरी का उद्घाटन

**कैथल।** जिला प्रशासन ने गांव दुमाडा में एक आधुनिक लाइब्रेरी की सौगात दी है। डीसी अपराजिता ने स्वयं गांव में पहुंचकर इस लाइब्रेरी का लोकार्पण किया और विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

बता दें कि पिछले दिनों जिला प्रशासन के रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की मांग की थी। उस समय तत्कालीन डीसी प्रीति ने ग्रामीणों की मांग पर पढ़ाई के लिए जल्द ही एक लाइब्रेरी तैयार की जाएगी।

### यातयात पुलिस ने किए 51 वाहनों के चालान

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 26 जनवरी से 1 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत गलत लेन में वाहन, लाल नीली बत्ती का इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 7, ध्वनि प्रदूषण करने के 10, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के 29 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 5 वाहन चालकों के चालान काटे गए।

### रैली के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

**कलायत।** कलायत के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में जल संरक्षण विषय पर तीसरे दिन भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा.राम गोपाल शर्मा द्वारा की गई। रसायन शास्त्र प्राध्यापक प्रदीप कुमार व जीवन विज्ञान प्राध्यापक प्रतिभा ने संयोजन की कमान संभाली। प्राध्यापक प्रतिभा ने प्राथमिक, द्वितीयक व तत्तीय स्तर द्वारा सीवरेज जल को स्वच्छ करने की विधि बताई।

### शोभा यात्रा में हुई कहासुनी, एक घायल

**कैथल।** कैथल में गुरु रविदास की शोभायात्रा के दौरान कहासुनी के चलते दो युवकों ने एक युवक पर चाकुओं से हमला कर घायल दिया। जब एक व्यक्ति उनके बचाव में आया तो आरोपियों ने उसे भी चाकू मार दिया।

घायल युवक अपने पिता के साथ आरोपियों के घर उसके भाई से कहासुनी के चलते शिकायत लेकर गया था। इस संबंध में घायल युवक ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### फसल पंजीकरण वाली शर्तें हटाएंः अजीत सिंह

**पाई।** भाकियू ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि सरकार फसल पंजीकरण वाली शर्तें तत्काल हटाएं। भाकियू के राष्ट्रीय सलाहकार अजीतसिंह हाबड़ी, कार्यकारी अध्यक्ष बलवान पाई आदि ने बताया कि सरकार द्वारा 5 एकड़ फसल का पंजीकरण करवाने वाले किसान और किसानों की फसल के 3 लाख खाते में आने पर किसानों के बीपीएल के राशनकार्ड बंद कर दिए जाते हैं। किसानों की बुढ़ापा पेंशन बंद कर दी जाती है। यह किसानों के साथ अन्याय है।

---

*गांव दुमाड़ा में किया प्राकृतिक खेती पर जागरूकता कार्यक्रम*

# धरती मां को बचाने का आधार है प्राकृतिक खेती : देवव्रत

■ किसानों को पढ़ाया जहरमुक्त खेती का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्राकृतिक खेती धरती मां को बचाने, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य का आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन पूरे देश में प्राकृतिक खेती अब एक राष्ट्रीय मिशन बन चुका है। देश में 40 लाख किसान इस पद्धति को अपना चुके हैं, जिनमें से आठ लाख अकेले गुजरात से हैं। वहीं हरियाणा सहित देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। आचार्य देवव्रत ने रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से हो रहे नुकसान के प्रति सचेत करते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर लौटने का आह्वान किया। प्राकृतिक खेती से किसानों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी लाभ होगा। आचार्य देवव्रत सोमवार को गांव दुमाड़ा के शांति फार्म में आयोजित भारत में प्राकृतिक खेती विषय पर जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने गांव के मंदिर में आयोजित हवन में पूर्ण आहूति भी डाली। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व सांसद जनरल डा. डी.पी. वत्स, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग और बागवानी मिशन निदेशक जोगेंद्र घनघस, कार्यक्रम आयोजक पूर्व आईजी राजपाल सिंह सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। वक्ताओं ने मृदा स्वास्थ्य, पशुधन, मानव कल्याण और पर्यावरण पर प्राकृतिक खेती के सकारात्मक प्रभावों को रेखांकित किया। विधायक रणधीर सिंह पनिहार ने पगड़ी पहनाकर आचार्य देवव्रत का स्वागत किया।



कैथल। गांव दुमाडा में मंच पर बैठे गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### रसायनों के अत्यधिक उपयोग से उपजाऊ भूमि बन रही बंजर

आचार्य देवव्रत ने अपने संदेश में गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिकीकरण की अंधी दौड़ में रसायनों के अत्यधिक उपयोग ने हमारी उपजाऊ भूमि को बंजर बना दिया है। अगर हम नहीं संभले, तो हम अपनी आने वाली पीढ़ी को केवल बंजर जमीन ही सौंपेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैविक खेती और प्राकृतिक खेती के बीच बुनियादी अंतर है और आज के समय की वास्तविक मांग प्राकृतिक खेती है। उन्होंने कहा कि डीएपी व यूरिया डालने की अंधी दौड़ में किसान जाने-अनजाने में धरती मां को बंजर बना रहे हैं।

### गुजरात में बनेगा प्राकृतिक खेती विश्वविद्यालय

उन्होंने बताया कि गुजरात में प्राकृतिक खेती को समर्पित एक विश्वविद्यालय भी बनाया जा रहा है, जिससे भारत इस क्षेत्र का ग्लोबल हब बनेगा। राज्यपाल ने सलाह दी कि किसान कम से कम एक एकड़ से प्राकृतिक खेती की शुरुआत करें। इससे न केवल खेती की लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण की भी रक्षा होगी। कार्यक्रम के दौरान किसानों से आह्वान किया गया कि वे फसल अवशेष (पराली) न जलाएं, क्योंकि ऐसा करने से धरती के मित्र कीट मर जाते हैं और उर्वरा शक्ति कमजोर हो जाती है। खेत में पराली को खाद के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकते है। इससे भूमि की उर्वरता में इजाफा होगा।

### ये रहे मौजूद

पूर्व मंत्री डा. कमल गुप्ता ने भी प्राकृतिक खेती की महता और हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। प्रदेश सरकार पराली जलाने पर रोक के लिए कई योजना व नियम लागू कर रही है। को वहीं कार्यक्रम के आयोजक पूर्व आईजी राजपाल सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचें मुख्य अतिथि, अन्य अतिथिगणों, किसानों, अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक रणधीर सिंह पनिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, परमानंद सैनी, विनोद सेठ, साधू राम, सुरेंद्र ढुल, उमेद शर्मा, राजबीर सिंह, राजेंद्र, भाजपा नेता अरुण सर्राफ, प्रेम मास्टर, सुरेंद्र सिंह, सहदेव सिंह, मनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

---

## पुलिस बल जिले में हर स्थिति से निपटने के लिए रहे तैयार

# आईजी ने कैथल पुलिस लाइन में पुलिस कंपनियों का किया निरीक्षण

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए तीन पुलिस कंपनियों का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पुलिस महानिरीक्षक मनीष चौधरी ने सोमवार को जिला कैथल का दौरा किया। पुलिस अधीक्षक उपासना, डीएसपी बीरभान, डीएसपी कुलदीप बेनवाल व डीएसपी सुशील प्रकाश द्वारा उनका स्वागत किया गया। दौरे के दौरान आईजी मनीष चौधरी ने कैथल पुलिस लाईन में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था से निपटने के उद्देश्य से गठित पुलिस कंपनियों का निरीक्षण किया तथा कंपनियों में तैनात जवानों से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया।

उन्होंने जवानों की तैयारियों, अनुशासन एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का जायजा लिया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक उपासना के नेतृत्व में जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए कुल तीन पुलिस कंपनियों का गठन किया गया है, जिनमें दो पुरुष कंपनी एवं एक महिला कंपनी शामिल है। इन कंपनियों के जवान लाठी-डंडा, टियर गैस तथा आधुनिक हथियारों से लैस रहते हुए वन-कॉल तैयारी की स्थिति में रहेंगे, ताकि किसी भी आपात या संवेदनशील स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।



कैथल। पुलिस महानिरीक्षक मनीष चौधरी कैथल में एसपी उपासना से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**आईजी के आदेश- शहर के सभी चौक-चौराहों, मार्केट व अस्पतालों में लगावाएं सीसीटीवी कैमरे**

### पुलिस बल जिले में हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार : आईजी

आईजी मनीष चौधरी ने निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिले में यदि कहीं भी कानून व्यवस्था से संबंधित कोई चुनौती उत्पन्न होती है, तो यह पुलिस बल हर प्रकार की परिस्थिति से निपटने के लिए पूर्ण रूप से तैयार रहे। उन्होंने पुलिस कंपनियों को नियमित अभ्यास व ड्रिल करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास से ही बल की कार्यकुशलता एवं प्रतिक्रिया क्षमता में और अधिक सुधार संभव है।

इसके उपरांत आईजी मनीष चौधरी ने पुलिस अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत संवाद किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पट्रोल पंप, होटल, ढाबे, स्कूल, कॉलेज, हस्पताल, मार्केट, कोचिंग संस्थान आदि सभी स्थानो पर सीसीटीवी कैमरा लगा होना चहिये। अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता के सीसीटवी कैमरा मैन एंट्री व एग्जिट प्वाइंट पर लगवाए। डीवीआर को सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। उन्होंने कहा कि अपराधों का पता लगाने और अपराधियों की पहचान में सीसीटीवी कैमरे अहम भूमिका निभाते हैं। सभी क्षेत्रों मे पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग की जाये व सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग करे। उन्होने कहा कि जनता के साथ सभ्य व्यवहार करे। बेहतरीन कार्य करने वाले पुलिसकर्मी को निरंतर सम्मानित करना चाहिए, जिससे ओर जवान प्रेरणा लेकर सराहनीय कार्य करें।

---



पूंडरी। अध्यक्ष अमित टाया का स्वागत करते हुए खेल प्रेमी।

### कुवि परिषद के अध्यक्ष बनने पर डॉ. अमित का स्वागत

**पूंडरी।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र परिषद के अध्यक्ष चुने जाने पर डॉ. अमित टाया के सम्मान में पूंडरी अनाज मंडी में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने डॉ. टाया को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया। इस अवसर पर डॉ. अमित टाया ने कहा कि विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता होगी। खेल संरचना को मजबूत करने, खेलों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि खेल प्रशिक्षकों के हितों की रक्षा पारदर्शी कार्यप्रणाली से की जाएगी। डॉ. टाया ने विश्वास दिलाया कि परिषद पूरी टीम भावना के साथ मिलकर कार्य करेगी, ताकि विश्वविद्यालय खेल जगत में न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में गौरवान्वित स्थान प्राप्त कर सके।

## नो नशा नेशन कैंपेन के तहत नशे के खिलाफ दिया गया सशक्त संदेश

■ दयानंद पार्क में 100 कुंडीय हवन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

डीएवी संस्था के दूरदर्शी अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी के मार्गदर्शन तथा आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के गतिशील नेतृत्व में चलाए जा रहे नो नशा नेशन कैंपेन के अंतर्गत आज पुंडरी के हुड्डा स्थित दयानंद पार्क में 100 कुंडीय हवन-यज्ञ का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी द्वारा किया गया। इस आध्यात्मिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम में नशे के खिलाफ समाज को एकजुट करने का संदेश दिया गया। हवन-यज्ञ में नगरपालिका चेयरपर्सन बबली गोस्वामी, राकेश गोस्वामी, समाजसेवी अजीत बक्शी, नपा पार्षद एवं पूर्व अनाज मंडी प्रधान सतीश हजवाना सहित पूंडरी के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके साथ ही स्कूल के छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं स्टाफ सदस्यों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या साधना बक्शी ने की, जबकि हवन-यज्ञ आचार्य रविंद्र शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत संपन्न कराया गया।



पूंडरी। 100 कुंडीय हवन-यज्ञ में भाग लेते गणयमान्य लोग।

---

### अनुराग ढांडा ने कंप्यूटर लैब का किया उद्घाटन

**कैथल।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती के पावन और ऐतिहासिक अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने अपने पैतृक गांव धनौरी में समाज और विशेषकर बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाली एक अनुकरणीय पहल की। इस अवसर पर रविदास सभा द्वारा निर्मित नये लाइब्रेरी भवन में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कंप्यूटर लैब का विधिवत उद्घाटन किया गया, जो आने वाले समय में गांव के बच्चों के लिए शिक्षा और तकनीकी ज्ञान का सशक्त केंद्र बनेगा।

अनुराग ढांडा ने न केवल लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया, बल्कि स्वयं बच्चों को कंप्यूटर भेंट कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

### भाजपा ने युवाओं की ज़िंदगी कर दी बर्बादः सुरजेवाला

**कैथल।** हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी और आर्थिक संकट की मार ने एक और युवा की जान ले ली। सोनीपत जिले के निवासी 24 वर्षीय विजय ने नौकरी न मिलने की निराशा, कर्ज के बोझ और विदेश में असफल प्रयास के बाद गुरुग्राम में जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। इस घटना पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के फैलाए बेरोजगारी की आग में रोज झुलसते हरियाणा के युवाओं की मुसीबतों का मजाक बनाते मुख्यमंत्री नायब सैनी को शर्म आनी चाहिए। कल ही जब वे 'खोखले बजट' की झूठी तारीफ में कसीदे पढ़ रहे थे, तब 24 साल का विजय बेरोजगारी से हार गया।

### जिले के राजकीय आरोही स्कूलों में प्रवेश परीक्षा 18 को

**कैथल।** कैथल जिले के तीनों राजकीय आरोही माडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ग्योंग, रामगढ़ पाण्डवा एंव सौंगरी गुलियाना में वर्ष 2026-27 में कक्षा 6 से 9 वीं एंव 11 वीं कक्षा में प्रवेश परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने जोर शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आरोही स्कूलों में प्रवेश लेने हेतु परीक्षा के लिए 18 फरवरी निर्धारित की गई है व इस परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से 12 बजे रहेगा। इस परीक्षा के संयोजक सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी रहेंगे।

### बजट हर वर्ग को ध्यान में रखकर किया तैयार : मलिक

**राजौंद।** भारतीय जनता पार्टी के जाखौली मंडल प्रधान अनिल मलिक ने केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट देश के हर वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आमजन, किसान, युवा, महिला और गरीब वर्ग के सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो भारत को आत्मनिर्भर बनाने की नींव को और मजबूत करता है। मलिक ने कहा कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं। कृषि क्षेत्र के लिए बढ़े हुए बजट से खेती को आधुनिक बनाने, किसानों को तकनीक से जोड़ने में मदद मिलेगी।

### ध्रुव स्कूल में विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

**पूंडरी।** ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर द्वारा कक्षा प्लस टू के विद्यार्थियों के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन द हैवन बैंकट एंड रिजॉर्ट में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की उपलब्धियों का सम्मान करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना रहा। विद्यालय परिवार ने स्नेह और आत्मीयता के साथ विद्यार्थियों को विदाई दी। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर मिस्टर फेयरवेल का खिताब रोहन और वंशदीप को, जबकि मिस फेयरवेल का खिताब तमन्ना और सहजदीप को प्रदान किया गया। मंच पर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### नरेन्द्र सहारण को 'सहारण रत्न' से किया सम्मानित

**कैथल।** अखिल भारतीय सहारण परिवार (सहारण खाप) के राष्ट्रीय महासम्मेलन में कैथल जिले के खरक पांडवा गांव के पत्रकार तथा समाजसेवी नरेन्द्र सिंह सहारण को समाज की सर्वोच्च उपाधि 'सहारण रत्न से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उनके अथक परिश्रम, कर्तव्यनिष्ठा, पत्रकारिता के माध्यम से समाज की आवाज को बुलंद करने, सत्य और न्याय की पैरवी करने तथा निरंतर समाज सेवा, एकता और भाईचारे के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया। यह भव्य राष्ट्रीय सम्मेलन राजस्थान के जोधपुर जिले के केरू गांव में चतुराणी सहारण परिवार के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

### नपा सीवन द्वारा बनाई जा रही सड़क में पाई अनियमितता

**कैथल।** नगर पालिका सीवन की ओर से बनाई जा रही सड़क में अनियमितता का मामला सामने आया है। यह मामला जब गुहला से कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस के पास पहुंचा तो उन्होंने एंटी करप्शन ब्यूरो टीम को इसकी शिकायत दी है। शिकायत में विधायक हंस ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग किए जाने की बात कही है। उन्होंने निर्माण सामग्री की सैंपलिंग करवाकर मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि, सीवन में नगर पालिका की ओर से क्षेत्र के प्रमुख को-ऑपरेटिव सोसाइटी बैंक से सौथा सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। निवासियों नेआरोप लगाते हुए विधायक को शिकायत दी और जांच करवाने की मांग की।

---

## पुरुष व महिला वर्ग ने ओवरऑल ट्रॉफी पर किया कब्ज़ा

# आरकेएसडी के बॉक्सरों का स्टेट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

*रणदीप, अंकुश, प्रिंस शर्मा, सुमित कुमार ने प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के खिलाड़ियों ने खेलों के क्षेत्र में एक बार फिर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। राजकीय डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेजिएट स्टेट लेवल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025-26, जिसे उच्च शिक्षा विभाग, पंचकुला द्वारा प्रायोजित किया गया था, में आरकेएसडी कॉलेज की पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता के दौरान कॉलेज के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अनेक स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अर्जित किए। खिलाड़ियों के सामूहिक उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आरकेएसडी कॉलेज को पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। इस उपलब्धि पर आरकेएसडी कॉलेज के प्रधान अश्वनी शोरवाला ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि "यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का प्रतिफल है। आरकेएसडी कॉलेज की पूरी प्रबंधन समिति इस शानदार उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल विभाग को हार्दिक बधाई देती है। हमारा संस्थान सदैव खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और भविष्य में भी खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रोत्साहन प्रदान किए जाएगे।



कैथल। अव्वल रही आरकेएसडी कालेज की टीम को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### सुमित कुमार ने जीता स्वर्ण पदक

पुरुष वर्ग में सागर (45–50 किग्रा) ने रजत, अभिषेक (50–55 किग्रा) ने कांस्य, रणदीप (55–60 किग्रा) ने स्वर्ण, आशीष (60–65 किग्रा) ने कांस्य, अंकुश (65–70 किग्रा) ने स्वर्ण, गौरव (70–75 किग्रा) ने कांस्य, करण कौशिक (75–80 किग्रा) ने कांस्य, मयंक (80–85 किग्रा) ने कांस्य, प्रिंस शर्मा (85–90 किग्रा) ने स्वर्ण तथा सुमित कुमार (90 किग्रा से अधिक) ने स्वर्ण पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया। वहीं महिला वर्ग में गीतू (45–48 किग्रा) ने रजत, माफी (48–51 किग्रा) ने स्वर्ण, नीतू (51–54 किग्रा) ने रजत, हिमांशी (54–57 किग्रा) ने रजत, ममतेश (57–60 किग्रा) ने रजत, खुशी (60–65 किग्रा) ने स्वर्ण, हरगुनदीप (65–70 किग्रा) ने रजत, ऋतु (70–75 किग्रा) ने स्वर्ण, अंजलि (75–80 किग्रा) ने स्वर्ण तथा अर्चना (80 किग्रा से अधिक) ने रजत पदक प्राप्त किया।

### छात्र विहान ने राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया

**कैथल।** स्कूल गेम्स फेंडरेसन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान मे इम्फाल मणिपुर मे 23 से 28 जनवरी तक आयोजित 69 राष्ट्रीय स्कूल गेम्स (जुडो) अंडर 17 चैंपियनशिप 2025-26 मे आरकेएसडी पब्लिक स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र विहान ने 45 किलोग्राम हर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतियोगिता मे अपने चमक बिखेरी है।


**सूचना**

मैं, गुरसेब (Gurseb) पुत्र श्री दिलबाग निवासी म. नं. 475/30 बुढा बाबा बस्ती जीन्द बयान करता हूँ कि मैंने अपना नाम गुरूसेव (Gurusew) से बदल कर गुरसेब (Gurseb) कर लिया है। भविष्य में मुझे गुरसेब (Gurseb) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**ग्राम पंचायत पाण्डु पिण्ड़ारा**
**ब्लॉक जीन्द (हरियाणा)**
**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पाण्डु पिण्ड़ारा ब्लॉक व जिला जीन्द की ओर से दिनांक 13.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे वृक्षों की खुली बोली ग्राम सचिवालय पाण्डु पिण्ड़ारा में करवाई जाएगी। नियम एवं शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।
नोट : सिक्योरिटी राशि रु. 10,000/- होगी।
हस्ता/- नीलम देवी, सरपंच
ग्राम पंचायत पाण्डु पिण्ड़ारा ब्लॉक व जिला जीन्द

## खबर संक्षेप

### 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर चर्चा

**कैथल।** हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन जिला कार्यकारणी की विस्तारित मीटिंग यूनियन कार्यालय में जिला प्रधान रघुबीर सिंह की अध्यक्षता में की गई। मंच संचालन जिला सचिव पवन कुमार ने किया। मुख्य वक्ता चतुर्थ श्रेणी यूनियन राज्य महासचिव कपिल सिरोही व राज्य वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम ने अपने सम्बोधन में कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की आर्थिक उदारीकरण की नीतियो के कारण लगातार महंगाई बेरोज़गारी बढ़ रही है।

### मांगों को लेकर नौजवान सभा आज देगी धरना

**जींद।** भारत की जनवादी नौजवान सभा निजी बसों द्वारा छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों एवं हैप्पी कार्ड धारकों और दिव्यांग जनों के बस पासों को नही मानने से जुड़े मुद्दों पर निजी बस संचालकों की कड़े शब्दों में निंदा की है। जिला प्रधान अजैब गुरुसर ने कहा कि जब निजी संचालक बसों के लिए परमिट लेने के लिए अर्जी लगते हैं तब सभी सरकारी बसों के नियमों और छात्रों, वरिष्ठ नागरिकोंए हैप्पी कार्ड धारकों और दिव्यांग जनों के बस पासों को मान्यता देने का वादा करते हैं लेकिन पिछले कुछ महीनों से निजी बस संचालकों द्वारा इनसे इंकार किया जा रहा है।

### माकपा ने बजट को बताया पूरी तरह जनविरोधी

**जींद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा गत दिवस संसद में पेश किया गया नौवां केंद्रीय बजट मोदी सरकार की कुछ बड़े कारोबारी घरानों और अमीर और धनी लोगों के संकीर्ण हितों को बढ़ावा देने की बिना सोचे-समझे प्रतिबद्धता का एक स्पष्ट सबूत है। जो मेहनतकश लोगों और समाज के सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों, साथ ही बड़े राष्ट्रीय आर्थिक हितों की कीमत पर किया गया है।

### एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**जुलाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना गरीब परिवारों के घरों में नया उजाला होगी। यह योजना जहां गरीब व मध्यम वर्ग के परिवारों को लगभग मुफ्त दी जाएगी। इससे गरीब परिवारों को गुणवत्ता युक्त सोलर ऊर्जा मिलेगी साथ ही बिजली बिलों में आर्थिक राहत भी उपलब्ध करवाएगी। इस योजना से ऐसे परिवार जिनकी सालाना आमदनी एक लाख 80 हजार रुपये हैं उन्हें खर्चे में कटौती से आर्थिक मजबूती मिलेगी।

### बस समस्या को लेकर एबीवीपी फूंकेगी पुतले

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद इकाई का प्रतिनिधिमंडल और डीन स्टूडेंट वेलफेयर अधिकारी डा. जगपाल मान जिला जींद के क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण आरटीए से मिला। इस प्रतिनिधिमंडल ने जिले में विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को प्रतिदिन आने-जाने में हो रही गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और परिवहन व्यवस्था की बदहाल स्थिति के लिए सीधे तौर पर जिला प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। प्रतिनिधिमंडल ने आरटीए अधिकारी को अवगत कराया।

---

### निलंबित किए गए छह पटवारियों को बहाल करने की मांग

# पटवारियों ने मांगों को लेकर पटवार भवन में दिया धरना

- दो हजार से अधिक इंतकाल व जमाबंदी के काम प्रभावित



धरने पर बैठे पटवारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दि रेवन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर सोमवार को पटवारियों एवं कानूनगों ने धरना दिया। धरनारत पटवारियों ने हरियाणा सरकार द्वारा पिछले दिनों प्राकृतिक आपदा से खराब हुई फसलों की मुआवजा वितरण संबंधित क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फोटो अपलोड करने के विषय में हरियाणा के छह पटवारियों को निलंबित करने पर रोष जताया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सर्वेश पटवारी ने की तथा मंच संचालन पूर्व जिला प्रधान नरेश पटवारी ने किया। राज्य कोषाध्यक्ष सनी डागर पटवारी ने हरियाणा सरकार के इस अनैतिक फैसले पर घोर निंदा प्रकट करते हुए जल्द से जल्द निलंबित किए गए पटवारियों को बहाल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते इन कर्मचारियों को बहाल नहीं किया गया तो बड़े आंदोलन किया जाएगा। राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर पूरे हरियाणा के पटवारी व कानूनगो ने सोमवार को सरकार से निलंबित किए गए पटवारियों को दो दिन के अंदर बहाल करने की माग की है। इसलिए जिला मुख्यालयों पर धरना यिा गया। सरकार जल्द से जल्द निलंबित पटवारियों को बहाल करें अन्यथा आम जनमानस को होने वाली असुविधा व कठिनाइयों के लिए हरियाणा सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी। धरने को अपना समर्थन देने के लिए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला जींद के ब्लॉक प्रधान मंदीप नेहरा व जिला प्रधान संजीव ढांडा पहुंचे और पटवारियों का निलंबन रद्द किए जाने के फैसला वापस लेने की बात कही। पटवारियों के धरने पर रहने के चलते पटवार भवन में अपने कामों को लेकर आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

#### जमाबंदी का काम प्रभावित

पटवारियों की हड़ताल के कारण जिले में दो हजार से अधिक इंतकाल व जमाबंदी के काम प्रभावित हुए हैं। आनलाइन रजिस्ट्री प्रक्रिया होने के चलते लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन जिन लोगों ने पटवारियों व कानूनगों से दस्तावेज निकलवाने हैं, उन्हें चक्कर काटने पड़ रहे है। हड़ताल के कारण के दो हजार से इंतकाल व जमाबंदी, 700 रिहायशी प्रमाण पत्रए लोन फाइलेंए इनकमए जमीन के नक्शे संबंधित काम पटवार भवन में पेंडिंग है। जिले के 85 पटवारी और 25 कानूनगो हड़ताल पर हैं। जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने बताया कि पटवारियों की हड़ताल के चलते लोगों को परेशानी होना स्वाभाविक है। पटवारियों की हड़ताल के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। सरकार स्तर का मामला है। ऊपर बातचीत चल रही है। उम्मीद है कि जल्द ही पटवारियों की हड़ताल समाप्त हो जाएए जिससे लोगों की परेशानी दूर हो सके।

---

# मनरेगा गरीबों की जीवन रेखा, इसे कमजोर करने की साजिश बर्दाश्त नही : रिषिपाल

### जींद में कोर्ट मोड़ पर पांच को कांग्रेस कार्यकर्ता करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के तहत रविवार को कांग्रेस भवन जींद में जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की अहम बैठक जिला अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के नाम बदलने और नए कानून वीबी जी रामजी को लागू करने की कोशिशों पर गहरी चिंता जताई गई । कांग्रेस प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नही बल्कि करोड़ों गरीब परिवारों की जीवनरेखा है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी देती है और पलायन रोकने का सबसे मजबूत माध्यम है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मनरेगा को कमजोर करने की साजिश रच रही है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में सफल नहीं होने देगी।


जींद। बैठक को संबोधित करते हुए रिषिपाल हैबतपुर। फोटो : हरिभूमि

#### मनरेगा पर हमला गरीब के पेट पर लात

रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि मनरेगा के नाम बदलने और नए कानून लाने का उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों को खत्म करना है। कांग्रेस पार्टी गरीबों, मजदूरों और किसानों के साथ खड़ी है। मनरेगा पर हमला सीधे-सीधे गरीब के पेट पर लात है और कांग्रेस इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पांच फरवरी को जींद शहर में गोहाना रोड कोर्ट मोड़ पर कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला स्तरीय विशाल धरना.प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें मनरेगा के नाम में बदलाव और नए कानून को तुरंत वापस लेने की मांग की जाएगी। जिला प्रधान ने जानकारी दी कि इस धरना व प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, सह प्रभारी जितेंद्र बघेल और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा विशेष रूप से शिरकत करेंगे। प्रदेश भर से कांग्रेस कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर इस आंदोलन में शामिल होंगे। रिषिपाल हैबतपुर ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस आंदोलन को जन आंदोलन बनाएं और गांव-गांव जाकर मजदूरों को जागरूक करें।

---

ज्योतिषीय ज्ञान और उत्कृष्ट कार्यों की सराहना

# ज्योतिष ज्ञान संस्था ने थर्ड मेगा अवार्ड में ज्योतिषाचार्या सुदेश को शर्मा किया सम्मानित

**जींद।** हरियाणा के पंचकूला स्थित होटल पल्लवी ग्रैंड सेक्टर 5 में ज्योतिष ज्ञान संस्था द्वारा एक भव्य और गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या एवं अधिवक्ता सुदेश शर्मा को उनके ज्योतिषीय ज्ञान और उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए प्रतिष्ठित थर्ड मेगा अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में ज्योतिष ज्ञान संस्था की फाउंडर अंकिता राजीव शर्मा ने आचार्य सुदेश शर्मा को वीआईपी गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। आचार्य सुदेश शर्मा जो वर्तमान में श्शक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्षा भी हैं न केवल ज्योतिष की विभिन्न विधाओं की ज्ञाता है बल्कि एक अधिवक्ता के रूप में भी समाज की सेवा कर रही हैं। आचार्या सुदेश शर्मा ने कहा कि होटल पल्लवी ग्रैंड में आयोजित इस भव्य समारोह में थर्ड मेगा अवार्ड मिलना मेरे लिए गौरव की बात है। मैं ज्योतिष ज्ञान संस्था और अंकिता राजीव शर्मा जी की आभारी हूं।



जींद। सुदेश को सम्मानित करते हुए।

---

राष्ट्रपति को संबोधित मांगों से संबंधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा

# यूजीसी नियमों को लागू करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

- सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की सही ढंग से पैरवी कर यूजीसी नियमों को अतिशीघ्र लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा बनाए गए नियमों को जल्द लागू करने की मांग को एसी, बीसी, ओबीसी समाज के लोगों ने सोमवार को शहर में प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नयाब तहसीलदार को सौंपा।

यूजीसी के नए नियम के समर्थन मे एसी, बीसी, ओबीसी समाज के लोग सोमवार को रानी तालाब पर एकत्रित हुए। वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी द्वारा वंचित वर्गों के हितों के लिए जो नियम एवं प्रावधान बनाए गए हैं। जो संविधान के की भावना के पूर्णत अनुरूप हैं। इन नियमों का मूल उद्देश्य उच्च शिक्षा में समान अवसर, प्रतिनिधित्व एवं सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि नियम किसी के अधिकारों का हनन नहीं करते बल्कि चिरकाल से वंचित वर्गों को मुख्य धारा में लाने एवं उनका उत्पीडऩ रोकने के लिए आवश्यक कदम हैं। संवैधानिक व सामाजिक न्याय पर आधारित यूजीसी का यह निर्णय सही होने के साथ-साथ समावेशी भी है। ये नियम शैक्षणिक संस्थाओं में समान शिक्षा को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की सही पैरवी कर यूजीसी द्वारा बनाए गए नियमों को बगैर विलम्ब किये लागू किए जाएं।

---

### बाल विवाह गंभीर सामाजिक अपराध : भीमसेन अग्रवाल

# छात्रों को बाल विवाह, साइबर फ्रॉड और एसिड अटैक से संबंधित कानून बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। सीडब्ल्यूसी चेयरमैन भीमसेन अग्रवाल कपिल मुनि राजकीय महाविद्यालय कलायत की छात्राओं को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल द्वारा कपिल मुनि राजकीय महाविद्यालय, कलायत में एक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल विवाह, साइबर फ्रॉड तथा एसिड अटैक जैसे गंभीर सामाजिक एवं कानूनी विषयों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भीम सेन अग्रवाल ने बाल विवाह को एक गंभीर सामाजिक अपराध बताते हुए कहा कि यह केवल सामाजिक कुप्रथा नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान पर सीधा हमला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कम उम्र में विवाह बच्चों विशेषकर बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बाधित करता है, उन्हें शिक्षा से वंचित कर देता है तथा उनका पूरा जीवन संघर्ष और असुरक्षा में धकेल देता है। अग्रवाल ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है और यह अपराध पूरे समाज की सामूहिक विफलता को दर्शाता है।

#### ये रहे मौजूद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के पैनल अधिवक्ता मनीषा व अधिवक्ता हर्ष बागड़ी ने एसिड अटैक जैसे जघन्य अपराध पर जानकारी देते हुए इसके दुष्परिणामों, कठोर कानूनी प्रावधानों तथा पीड़ितों को उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता एवं मुआवजा योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील गर्ग, सहायक प्रोफेसर राम जवारी, सहायक प्रोफेसर कविता शास्त्री सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी वक्ताओं ने युवाओं से कानून के प्रति जागरूक रहने, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने तथा एक सुरक्षित, संवेदनशील एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

---

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए जाएं ठोस कदम


**कैथल।** श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक्सटेंशन लेक्चरर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. देवी सिंह, सहायक प्रोफेसर (संस्कृत), गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर-32सी, चंडीगढ़ उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं के लिए आत्मविश्वास निर्माण एवं नेतृत्व कौशल विषय पर विस्तार से विचार रखे। मंच का संचालन डॉक्टर कविता सहायक प्राध्यापक संस्कृत ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य सुनील गर्ग द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम का सफल आयोजन गणित विभाग से सहायक प्रोफेसर रीनू रानी जो महिला प्रकोष्ठ प्रभारी है। मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान में कहा कि आत्मविश्वास ही किसी भी महिला की सबसे बड़ी शक्ति है और नेतृत्व क्षमता का विकास शिक्षा, आत्मअनुशासन तथा सकारात्मक सोच से संभव है।व्याख्यान के दौरान छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विषय से संबंधित प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास जागृत करना तथा उन्हें नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना रहा, जिसमें आयोजन पूरी तरह सफल रहा।

---

### जींद व पूरे हरियाणा में टीम को किया जाएगा मजबूत

# शहरी व ग्रामीण स्तर पर युवाओं को गो सेवा व धर्म रक्षा से जोड़ने का चलाएंगे अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। बैठक में मौजूद गौभक्त। फोटो : हरिभूमि

गऊ सेवा दल जींद के पदाधिकारियों व धर्मप्रेमियों की बैठक जैन धर्मार्थ अस्पताल में संपन्न हुई। इस मौके गऊ सेवा दल राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल चौहान ने बताया कि बैठक का उद्देश्य हजारों की संख्या में युवाओं को गऊ सेवा व धर्म रक्षा में जोडऩा है। बैठक के माध्यम से गऊ सेवा, रक्षा, धर्म रक्षा व संगठन के प्रचार प्रसार के बारे में जानकारी दी गई तथा गऊसेवक साथियों को संगठन के विस्तार करने की जिम्मेदारी भी दी गई। इस अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में साथी जोकि शहर के पटियाला चौक, अपोलो रोड, विकास नगर, सफीदों गेट, सोमनाथ मंदिर, रोहतक रोड, टपरीवास कॉलोनी व ग्रामीण क्षेत्र से गांव खोखरी, अशरफगढ़, बराडख़ेड़ा, इक्कस, जलालपुरा, बिरौली, जुलानी, निर्जन, बोहतवाला आदि के युवा साथी गऊ सेवा दल से जुड़े। जल्द ही शहरी व ग्रामीण स्तर पर युवाओं को गऊ सेवा व धर्म रक्षा से जोडऩे का अभियान चलाया जाएगा तथा जींद व पूरे हरियाणा में एक मजबूत टीम का गठन किया जाएगा। इस मौके गऊ सेवा दल जींद के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि गऊ माता पूरे विश्व की माता है, इसके दूध अमृत के समान है।

---

### 29 जनवरी को दिन में हो गई थी चोरी

# चोरों को पकड़ने के लिए रधाना गांव के लोगों ने एसपी से लगाई गुहार

**जींद।** गांव रधाना के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ग्रामीण जयदीप के घर में हुई लाखों रुपये की चोरी करने वाले आरोपितों को पकडऩे की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस अधीक्षक को गांव के सरपंच रामकुमार ने बताया कि 29 जनवरी को दिन के लगभग साढ़े 11 बजे गांव के ही जयदीप के घर में चोरी हो गई। वह अपनी पत्नी के साथ खेतों में गया था। पीछे से चोर उसके घर में घुस गए और यहां से दो सोने की चैनए आठ सोने की अंगूठीए सोने का टीका, कानों की सोने की बालियांए चांदी की पाजबे समेत 20 ग्राम सोने के जेवरात समेत एक लाख 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। सदर थाना पुलिस ने इस मामला भी दर्ज किया हुआ है। जयदीप ने पुलिस अधीक्षक से चोरों का पता लगाकर उसका सामान रिकवर करने की गुहार लगाई है।


चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान।

---

### अध्यक्षता अपना रोटी रथ के जिला संयोजक बीरबल शयोकंद ने की

# अपना रोटी रथ सेवा समिति ने नारी शक्ति समारोह में किया महिलाओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अपना रोटी रथ सेवा समिति जींद ने नरवाना रोड स्थित कार्यालय में नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में जींद महिला आटो चालकों को नारी शक्ति सम्मान देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपना रोटी रथ के जिला संयोजक बीरबल शयोकंद ने की। संस्था के संरक्षक विरेंद्र डागर ने बताया कि कार्यक्रम में महिला आटो चालकों को नारी शक्ति सम्मान व शाल भेंट करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला आटो यूनियन की अध्यक्ष शकुंतला व चालक बबली ने कहा कि आज काफी दिनों बाद मान-सम्मान मिला है और हमें सम्मान पाकर बहुत खुशी हुई हैं और काम करने की ताकत मिली है और हम अपना रोटी रथ टीम का बहुत धन्यवाद करती हैं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मुकेश राठौड़ ने कहा कि हम आमजन से अपील करते हैं कि इन माताओं व बहनों के सम्मान के लिए हम सबको आगे आना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित नारी शक्ति को जलपान करवाया गया और नारी शक्ति सम्मान देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मैनेजर सोमबीर स्वामी, सुशील शर्मा, नरेश खान, विनोद आदि रहे।

---

**निराशाजनक** जुलाना खंड के किसान फार्मर आईडी बनवाने में नहीं दिखा रहे रुचि

अब तक 10 प्रतिशत किसानों ने भी नहीं बनवाई फार्मर आईडी

# फार्मर आईडी नहीं बनवाई तो रुक सकती है किसान सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य से फार्मर आईडी अनिवार्य की जा रही है लेकिन जुलाना खंड के किसान इसमें खास रुचि नहीं ले रहे हैं। स्थिति यह है कि अब तक खंड के 10 प्रतिशत किसानों ने भी फार्मर आईडी नहीं बनवाई है। कृषि विभाग के अनुसारए फार्मर आईडी नहीं बनने की स्थिति में भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य कृषि योजनाओं का लाभ मिलने में दिक्कत आ सकती है। जुलाना खंड में करीब 70 हजार किसान पंजीकृत हैं। लेकिन इनमें से अब तक केवल लगभग साढ़े 6 हजार किसानों की ही फार्मर आईडी बन पाई है। यह आंकड़ा कुल किसानों की संख्या के मुकाबले काफी कम है। विभाग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं और गांव-गांव जाकर कैंप भी लगाए जा रहे हैंए इसके बावजूद किसानों की भागीदारी संतोषजनक नहीं है।


जींद। मालवी गांव में फार्मर आईडी बनाते कर्मचारी।

#### किसानों को सता रहा यह डर

खंड कृषि अधिकारी डा. सुरजमल का कहना है कि सभी गांवों में कैंप लगाने के बाद भी किसान वहां पहुंच नहीं रहे। किसानों में फार्मर आईडी को लेकर कई तरह की भ्रांतियां फैली हुई हैं। सबसे बड़ा डर यह है कि फार्मर आईडी बनवाने के बाद उनकी बुढ़ापा पेंशन या राशन कार्ड कट सकता है। इसी आशंका के चलते कई किसान आईडी बनवाने से कतरा रहे हैं। फार्मर आईडी बनवाने से किसी भी किसान की सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे वृद्धावस्था पेंशन या राशन कार्ड प्रभावित नहीं होंगे। फार्मर आईडी का उद्देश्य केवल किसानों का सही और अद्यतन डाटा तैयार करना है ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंच सके और फर्जीवाड़े पर रोक लगाई जा सके। सभी किसान समय रहते अपनी फार्मर आईडी बनवा लें।